6000 कर्मचारियों को लगेगा टीका



नोएडा। सेक्टर-4 स्थित यूफ्लेक्स कार्यालय में शनिवार से टीकाकरण शुरू हुआ। पहला टीका कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी ने लगवाया। इस दौरान कंपनी के लीगल अध्यक्ष कॉरपोरेट दिनेश जैन ने बताया कि कंपनी अपने 6000 कर्मचारियों को निशुल्क टीकाकरण कैलाश अस्पताल के डॉक्टरों से करा रही है। यह शिविर 5 जून तक चलेगा। कंपनी ने कर्मचारियों के लिए वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सिलिंडर की भी व्यवस्था की है। जिससे जरूरत पड़ने पर कर्मचारियों को घर में ही इलाज दिया जा सके। जैन ने बताया जल्द ही कंपनी में ऑक्सीजन प्लांट भी शुरू होगा। ब्यूरो

दैनिक जागरण

30 May 2021